समस्या | 214 शालाएं 180 भवनों में संचालित, 100 से अधिक भवन क्षतिग्रस्त

# डर के साए में अध्ययन को मजबूर विद्यार्थी

**नवभारत, हटा 14 जुलाई।** हटा विकासखंड में शासकीय स्कूल भवनों की स्थिति लगातार चिंताजनक होती जा रही है। पिछले कुछ वर्षों से भवनों की मरम्मत और रखरखाव की अनदेखी के चलते अब हालात यह हैं कि 214 शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में से बड़ी संख्या में स्कूल जर्जर भवनों में संचालित हो रहे हैं।

लगातार बारिश और भवनों से पानी निकासी के समुचित प्रबंधन के अभाव में इस वर्ष 75 से अधिक स्कूल भवन क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, जिससे बच्चे डर के साए में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। विकासखंड में कुल 214 शालाएं संचालित हो रही हैं, जो 180 अलग-अलग भवनों में चल रही हैं।






### दीवारों में दरारें आने की घटनाएं सामने आ रहीं

वर्ष 2024-25 में करीब 56 विद्यालय भवन मरम्मत योग्य और 27 से अधिक भवन अति जर्जर पाए गए थे, लेकिन स्थिति में सुधार होने के बजाय यह समस्या अब दोगुनी हो गई है। लगातार बारिश के कारण कई भवनों की छतों से प्लास्टर गिरने और दीवारों में दरारें आने की घटनाएं सामने आ रही हैं।

### पिछले वर्ष मिली राशि पड़ी कम इस साल जारी नहीं हुआ बजट

वर्ष 2024-25 में गौड़ खनिज मद से 18 विद्यालयों के मरम्मत कार्य के लिए करीब 37 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी। यह राशि पंचायतों के खातों में भेजी गई, लेकिन अधिकांश स्थानों पर मरम्मत कार्य या तो शुरू नहीं हुआ या अधूरा रह गया। अधिकारियों के अनुसार स्वीकृत राशि भवनों की वास्तविक जरूरत की तुलना में बेहद कम थी। चिंताजनक बात यह है कि वर्ष 2025-26 में अब तक गौड़ खनिज मद से स्कूल मरम्मत के लिए कोई राशि जारी नहीं हुई है।

### कई स्कूल पंचायत भवन और आंगनबाड़ी केंद्रों में संचालित

भवनों की खराब स्थिति के कारण प्राथमिक-माध्यमिक शाला खमरिया कलार पंचायत भवन में, प्राथमिक शाला भनगुवा आंगनबाड़ी केंद्र में संचालित हो रही है, जबकि बहेलिया टोला स्कूल अधूरे निर्माण के कारण किराए के भवन में चल रहा है। एकीकृत माध्यमिक शाला घुटरिया और उदयपुरा में दो पालियों में कक्षाएं संचालित की जा रही हैं।

# जेपीबी स्कूल हॉस्टल की 5 छात्राएं बीमार

▸ दो को जिला अस्पताल में किया गया भर्ती



**नवभारत,दमोह 14 जुलाई।** शहर के शा. ई.जे.एफ. जेपीबी स्कूल के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करने वाली करीब आधा दर्जन छात्राएं मंगलवार सुबह अचानक बीमार हो गईं। पेट दर्द और उल्टी की शिकायत के बाद सभी को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया।

छात्राओं ने बताया कि सुबह उन्होंने मूंग दाल, चावल और रोटी खाई थी। इसके बाद पेट दर्द और उल्टी शुरू हो गई। स्थिति बिगड़ने पर उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। छात्राओं में सुहानी लोधी, कक्षा 11वीं व स्वाति कुर्मी, कक्षा 10वीं दोनों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। प्राथमिक उपचार के बाद दीक्षा लोधी, उम्र 12 वर्ष, नेहा और हर्षिता डॉक्टर जावेद खान के अनुसार हालत ठीक होने पर इन्हें प्राथमिक उपचार कर हॉस्टल वापस भेज दिया गया।

**स्वास्थ्य विभाग ने जांच शुरू की-** घटना की जानकारी मिलते ही स्कूल के शिक्षक शरद मिश्रा अस्पताल पहुंचे और छात्राओं से जानकारी ली। हॉस्टल की रसोइया द्रोपती राठौर भी छात्राओं के साथ मौजूद है।

**इनका कहना है**

आपके द्वारा बीमार छात्राओं की जानकारी दी गई तो तत्काल जिला शिक्षा अधिकारी को दूरभाष के माध्यम से निर्देशि किया कि तत्काल पता करें।

**प्रताप नारायण यादव, कलेक्टर दमोह**

## घर में काम करते समय युवक को लगा करंट, मौत

**नवभारत,दमोह।** घर में काम करते समय करंट लगने से एक 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना मंगलवार की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार सीता नगर निवासी दुर्गेश पिता संतोष खंगार,उम्र 25 वर्ष घर में काम कर रहा था। इसी दौरान उसे करंट लग गया। परिजन तुरंत उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही नरसिंहगढ़ चौकी के प्रधान आरक्षक विजय तोमर मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है।फिलहाल पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

### एक नजर में

## भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत

**नवभारत,सिंग्रामपुर।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार ज के प्रथम आगमन पर सिंग्रामपुर में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों द्वारा उनका भव्य स्वागत, वंदन व अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार ने रानी दुर्गावती पार्क पहुंचकर वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के अनुज सतेन्द्र सिंह लोधी, सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, जनजातीय समूह के जिला अध्यक्ष जयसिंह, मंडल अध्यक्ष मंदीप यादव, सरपंच प्रतिनिधि अजय सोनकर आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## हत्या के मामले में फरार इनामी वारंटी गिरफ्तार

**नवभारत,हटा।** थाना गैसाबाद के अपराध में फरार चल रहे ईनामी स्थाई गिरफ्तारी वारंटी तूफान उर्फ राजेन्द्र विश्वकर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है.आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 1000 रुपये का ईनाम घोषित किया गया था. पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) हटा केपी सिंह के मार्गदर्शन में गैसाबाद पुलिस ने आरोपी की लगातार तलाश की। इसी कड़ी में 12 जुलाई को गैसाबाद पुलिस ने वारंटी तूफान उर्फ राजेन्द्र विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

## रोटरी क्लब ने बालाकोट स्कूल में किया पौधरोपण

**नवभारत,दमोह।** पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से मंगलवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बालाकोट में रोटरी क्लब दमोह के सदस्यों द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।क्लब के सदस्यों ने स्कूल परिसर में 5-6 फीट गहरे गड्ढे खोदकर 20 पौधे लगाए। इस अवसर पर रोटरी क्लब अध्यक्ष अजीत कुमार जैन, सचिव रूपेंद्र असाटी, कोऑर्डिनेटर संजय जैन अरिहंत, पूर्व अध्यक्ष राकेश अहीरवाल, समीर बुधवानी, अनिल कोटवानी, राजेंद्र सेठिया सहित बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे.

## दमोह में मुनि संघ की महाआगवानी

**नवभारत,दमोह।** आचार्य गुरुदेव 108 श्री विद्यासागर महाराज एवं परम पूज्य आचार्य श्री 108 समय सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य 'मुनि श्री नीरज सागर महाराज एवं मुनिश्री निर्मद सागर महामुनि राज का संघ सहित एवं नगर गौरव 105 ऐलक आगत सागर जी एवं 105 छुल्लक श्री स्वास्तिक सागर बड़े बाबा का प्रवेश द्वार धर्मनगरी दमोह में भव्य नगर प्रवेश हुआ।

# हनुमान के दरबार में उमड़ता है आस्था का सैलाब

▸ गांगी धाम मड़िया में पूरी होती हैं श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं



**नवभारत,हटा 14 जुलाई।** दमोह व पन्ना जिले की सीमा के समीप स्थित प्रसिद्ध गांगी धाम मड़िया श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है।

ग्राम रनेह से लगभग 20 किलोमीटर तथा बम्हौरी से करीब 1 किलोमीटर की दूरी पर स्थित इस धाम में प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान हनुमान के दर्शन व पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं।श्रद्धालुओं का विश्वास है कि धाम में विराजमान भगवान हनुमान के समक्ष सच्ची श्रद्धा और विश्वास के साथ की गई प्रार्थना से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं तथा जीवन के दुख-दर्द दूर होते हैं। इसी आस्था के कारण आसपास के गांवों के साथ-साथ दमोह, पन्ना और अन्य क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं।

**मरीजों को दी जाती है देशी दवाइयां-** धाम के पुजारी बबलू राजा द्वारा पथरी व अन्य रोगों के लिए पारंपरिक (देसी) औषधि भी श्रद्धालुओं को दी जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अनेक लोगों ने इस औषधि से लाभ मिलने का अनुभव साझा किया है। प्रत्यक्षदर्शियों और श्रद्धालुओं के अनुसार, जो भी व्यक्ति श्रद्धा और विश्वास के साथ गांगी धाम मड़िया पहुंचता है, उसकी मनोकामना पूर्ण होने की मान्यता है।

## जनसुनवाई में 312 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**नवभारत,दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 (व्यारमा) में आयोजित जनसुनवाई में जिले के दूरदराज क्षेत्रों से आये आवेदकों की समस्याओं को सुना। इस दौरान सामान्य जनसुनवाई में 312 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये।जनसुनवाई में 17 आधार अपडेशन एवं 110 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे,अपर कलेक्टर राकेश मोहन त्रिपाठी, एसडीएम सौरभ गंधर्व,डिप्टी कलेक्टर रचना प्रजापति,लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

▸ एसपी ने सुनीं आमजन की समस्याएं

# त्वरित व निष्पक्ष निराकरण के दिए निर्देश



**नवभारत,दमोह 14 जुलाई।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान व पुलिस-जन संवाद को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक मंगलवार आयोजित होने वाली जनसुनवाई के क्रम में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई शिविर आयोजित किया गया. इस दौरान सीएसपी एचआर पांडे और शिकायत शाखा प्रभारी गरिमा मिश्रा सहित पुलिस कर्मियों ने भी जनसुनवाई में सहयोग किया। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए नागरिकों ने भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, धोखाधड़ी, मारपीट,साइबर अपराध, महिला संबंधी शिकायतों सहित अन्य विभिन्न समस्याओं व शिकायतों से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया.

**प्रकरणों की निष्पक्ष जांच के दिए निर्देश-** एसपी द्वारा प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए संबंधित अधिकारियों व थाना प्रभारियों को प्रकरणों की निष्पक्ष जांच कर समय-सीमा में प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए. एसपी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निराकरण में पारदर्शिता, निष्पक्षता व संवेदनशीलता बनाए रखें तथा प्रत्येक शिकायतकर्ता को विधिसम्मत व गुणवत्तापूर्ण पुलिस सेवा उपलब्ध कराई जाए।

## भीड़ नियंत्रण का दिया व्यावहारिक प्रशिक्षण

▸ एसपी ने पुलिस लाइन में ली जवानों की जनरल परेड

**नवभारत,दमोह 14 जुलाई।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि के नेतृत्व में मंगलवार सुबह पुलिस लाइन दमोह में जनरल परेड का आयोजन किया गया.परेड का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड सलामी लेकर किया गया.

इसके उपरांत पुलिस बल द्वारा आकर्षक व अनुशासित मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। परेड के दौरान विभिन्न टोलियों द्वारा ड्रिल व परेड अभ्यास का प्रदर्शन किया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारी व कर्मचारियों को अनुशासन, समयबद्धता, शारीरिक दक्षता व टीम भावना बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा नियमित अभ्यास पर विशेष बल दिया।इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा जवानों को भीड़ नियंत्रण की विभिन्न तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण कराया गया।

इस दौरान बैरिकेडिंग लगाकर कानून-व्यवस्था की स्थिति में प्रभावी भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा घेरा बनाना तथा समन्वित कार्रवाई का अभ्यास कराया गया, जिससे जवान किसी भी चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में बेहतर ढंग से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकें। पुलिस बल में टीम भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक द्वारा दो टीमों का गठन कर रस्साकसी प्रतियोगिता भी आयोजित कराई गई।

# पुलिस को चकमा देकर भागा तस्कर



▸ झाड़ियों में फेंकी 15 पेटी अवैध शराब और कार जब्त

**नवभारत,तेंदूखेड़ा 14 जुलाई।** सोमवार की मध्य रात्रि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद रंग की आई 20 कार में अवैध शराब तेंदूखेड़ा लाई जा रही है। सूचना पर पुलिस बल को तत्काल सतर्क किया गया। जैसे ही कार दिखाई दी तो पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया। इस पर आरोपी ने कार को खाकरी की तरफ मोड़ दिया और तेज गति से भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया, लेकिन कार की स्पीड तेज होने के कारण वह कुछ दूर रह गई। भटारिया मोहल्ले के पास आरोपी ने रोड किनारे झाड़ियों में शराब की पेटियां फेंक दीं और आगे कुछ दूर कार छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर भाग गया।पुलिस ने झाड़ियों से 15 पेटी अवैध लाल मशाला शराब बरामद की। मौके से कार भी जब्त की गई।

**इनका कहना है**

रात्रि में अवैध शराब परिवहन की सूचना मिली थी। घेराबंदी कर भटारिया वार्ड में रोड किनारे झाड़ियों से अवैध शराब और कुछ दूर कार जब्त की गई है। शराब की कीमत लगभग 75,000 रुपये और कार की कीमत 5,00,000 रुपये आंकी गई है। फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

**सरोज ठाकुर, टीआई तेंदूखेड़ा**

▸ जैविक एवं उन्नत खेती अपनाने का दिया संदेश

# किसानों को वितरित की गई मिनी किट



**कुम्हारी नवभारत।** कृषि विभाग द्वारा किसानों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मिनी किट बीज वितरण गांव हिनोति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत किसानों को 4-4 किलोग्राम अरहर एवं उड़द के बीज वितरित किए गए।

इस अवसर पर कृषि विकास अधिकारी बलवंत अजवानी सहित आशीष पटेल, निरंजन पटेल, भगवानदास यादव एवं वर्षा राजपूत ने किसानों का पंजीयन कर उन्हें मिनी किट का वितरण किया। साथ ही किसानों को जैविक एवं उन्नत खेती अपनाने, संतुलित उर्वरक उपयोग तथा आधुनिक कृषि तकनीकों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया।

### कृषि विभाग किसानों को देता है तकनीकी सलाह

कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विभाग समय-समय पर किसानों को आवश्यक दिशा-निर्देश एवं तकनीकी सलाह प्रदान करता है। इन निर्देशों का पालन कर किसान बेहतर उत्पादन प्राप्त कर रहे हैं और कृषि क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहे हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे और विभाग की इस पहल की सराहना की।

# 22 दिन बाद हत्या का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

▸ तेंदूखेड़ा और तारादेही पुलिस की संयुक्त कार्रवाई



**नवभारत,तेंदूखेड़ा 14 जुलाई।** 22 दिन पहले मंगलवार को चाकू मारकर की गई हत्या के मुख्य आरोपी धीरेन्द्र खटीक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि और एएसपी सुजीत सिंह भदोरिया, एसडीओपी अर्चना अहीर के निर्देश पर चलाए गए अभियान में आरोपी को उसके निवास खटीक मोहल्ला तेंदूखेड़ा से पकड़ा गया। आरोपी घटना के बाद से जिले से बाहर फरार चल रहा था। सोमवार को जैसे ही वह अपने घर आया, मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर उसे दबोच लिया।गिरफ्तारी में साइबर सेल दमोह, तेंदूखेड़ा पुलिस और तारादेही पुलिस की संयुक्त टीम शामिल रही।

### आरोपी को भेजा गया जेल

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की पूछताछ शुरू कर दी है। आरोपी के गिरफ्तार होने पर न्यालय मे पेश किया। जहां से आरोपी को न्यायालय ने जेल भेज दिया। इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सरोज ठाकुर, उप निरीक्षक आलोक तिरपुड़े, प्रधान आरक्षक बृजेश तिवारी,प्रधान आरक्षक रविचन्द्र सेन, आरक्षक गोपाल सिंह,आरक्षक विशाल वैन व चालक आरक्षक विजय दीक्षित की सराहनीय व महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## पुलिस ने 15 पेटी देशी शराब व 3 आरोपी पकड़े

**नवभारत,हटा।** मड़ियादो थाना प्रभारी प्रीति पांडे के नेतृत्व में पुलिस ने अवैध शराब पर बड़ी कार्यवाही करते हुए शराब से भरी बोलेरो कार पकड़ी है।मुखबिर की सूचना पर तिंदनी तिराहा पर पुलिस ने चेकिंग के दौरान बोलेरो क्रमांक एमपी 39 सी 2154 से तीन आरोपी और 15 पेटी प्रिंस देशी मदिरा 162 लीटर.900 पैकेट कीमत 96400 बरामद कर आरोपी क्रमशः आशाराम पटेल,ब्रजेश पटेल,कल्ला वर्मन सभी निवासी कोलकरैया जिला पन्ना के विरुद्ध आबकारी एक्ट 34(2) प्रकरण दर्ज किया गया है।

नाराजगी | स्कूलों, बस स्टैंड और प्रमुख चौराहों के आसपास असामाजिक गतिविधियों की शिकायत

# सार्वजनिक स्थानों पर हो रही शराबखोरी का आरोप

**नवभारत, हटा 14 जुलाई।** नगर में सार्वजनिक स्थानों पर खुलेआम शराबखोरी, अवैध शराब की बिक्री, सट्टे की बुकिंग और जुए की कथित गतिविधियों को लेकर नागरिकों में लगातार नाराजगी बढ़ रही है।

लोगों का कहना है कि शाम होते ही शहर के कई इलाकों में शराब पीने वालों का जमावड़ा लग जाता है, जिससे महिलाओं, छात्र-छात्राओं, राहगीरों और आसपास रहने वाले लोगों को असुविधा के साथ-साथ असुरक्षा का भी एहसास होता है। स्थानीय लोगों के अनुसार बस स्टैंड परिसर, सराय क्षेत्र, विश्राम गृह के आसपास,



घुराघाट पुल, कृषि उपज मंडी, कॉलेज परिसर तथा स्कूलों के आसपास सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने की घटनाएं अक्सर देखने को मिलती हैं।

**लोग समूह बनाकर शराब पीते हैं** - सबसे अधिक शिकायत राय चौराहा क्षेत्र को लेकर है, जहां लोगों का आरोप है कि सुबह से ही कुछ लोग समूह बनाकर शराब पीते हैं और कई बार गाली-गलौज भी करते हैं। इसी मार्ग से दो निजी और तीन शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थी प्रतिदिन गुजरते हैं, जिससे अभिभावकों में भी चिंता बनी हुई है।नगर में सट्टे और जुए की कथित गतिविधियों को लेकर भी लोगों ने चिंता जताई है।

### खुलेआम सट्टे की बुकिंग की जा रही

नागरिकों का आरोप है कि बस स्टैंड, पुरानी गल्ला मंडी, चंडीजी मंदिर चौराहा और राय चौराहा सहित कई स्थानों पर खुलेआम सट्टे की बुकिंग की जा रही है। लोगों का कहना है कि इस तरह की गतिविधियां कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती बनने के साथ-साथ युवाओं को भी गलत दिशा में प्रभावित कर रही हैं।

# सुनार नदी में तैरता मिला युवक का शव



**नवभारत,दमोह।** बटियागढ़ थाना क्षेत्र की सीमा पर नरसिंहगढ़ की सुनार नदी पुल के पास सुनार नदी में मंगलवार सुबह युवक का शव तैरता दिखाई देने से सनसनी की हालत बन गए।नदी में शव होने की सूचना पर बटियागढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों की मदद से नदी से शव बाहर निकाला गया.मृतक की शिनाख्त अर्जुन प्रजापति पिता जगन्नाथ प्रजापति उम्र 30 वर्ष निवासी बछिया खिरिया थाना बटियागढ़ के रूप में की गई.पुलिस ने शव का पंचनामा कार्रवाई के बाद अस्पताल भेज मर्ग कायम कर पुलिस मामले की जांच कर रही है.

**In The Court Of I Civil Judge Class-I, District Court, Damoh**
**Presiding Officer : सुश्री स्नेहा सिंह**
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000010/2026)
श्रीमती राधा परस्ते...... आवेदक
Vs
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया... अनावेदक
Process Id-/2026
प्रेषिती- पेशी दिनांक :- 12/08/2026
(1) आम जनता पता- दमोह म.प्र.
(2) आम जनता
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती राधा परस्ते पता ने मृतक रामकिशन परस्ते पिता रामस्वरूप निवासी बजरिया वार्ड 05 दमोह जिला दमोह म.प्र. की खाता क्रमांक 10479678760 2923.20 रुपए एवं अनुकंपा नियुकित जिला कमांडेन्ट जिला मुख्यालय होमगार्ड राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 12 August 2026 को नियत है।
यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 12 August 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।
यह आज तारीख 09 July 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया हैं।
न्यायालय की मुद्रा — सील
न्यायाधीश
सुश्री स्नेहा सिंह
प्रथम नियम व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ खण्ड दमोह, जिला दमोह (म.प्र.)
कृपया ध्यान दें:- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।